हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, गुरूवार 13 मार्च 2025

तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 14.0 डिग्री

10 एक माह बाद ही आरओबी का एक हिस्सा बंद एक सप्ताह के लिए दूसरा हिस्सा भी होगा बंद



12 होली पर शराब पीकर हुड़दंग करने व शांति भंग करने वालों पर पुलिस करेगी कार्रवाई



दक्षिण हरियाणा का एकमात्र सबसे बड़ा और सभी सुविधाओं से सुसज्जित अस्पताल

PUSHPANJALI HOSPITAL

# पुष्पांजलि अस्पताल

NABH ACCREDITED PATIENT SAFETY & QUALITY OF CARE



हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. श्रेयश यादव
MBBS, MS
ORTHOPAEDICS
चिकित्सा अधीक्षक
MS & CEO
पुष्पांजलि हॉस्पिटल

Orthopedic Department
(हड्डी रोग विभाग)
- हड्डी का फ्रैक्चर
- हड्डी के जटिल फ्रेक्चर का ऑपरेशन
- घुटने का दूरबीन से ऑपरेशन
- आर्थोस्कोपिक
- कंधे का उतरना
- एडवांस C-ARM
- कूल्हे की हड्डी का फ्रेक्चर
- स्पोर्ट्स इंजरी सर्जरी
- टोटल ज्वॉइन्ट रिप्लेसमेंट
- एडवांस ट्रॉमा केयरसर्विसेज
- जोड़ो के बदलने का ऑपरेशन

रेवाड़ी क्षेत्र की सबसे बड़ी व आधुनिकतम
## कैथलैब



शुभ होली

25 Bedded ICU & CCU



हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ. अश्वनी कुमार यादव
MBBS, MD (Medicine)
DNB (Cardiology)
- हृदय रोग के लक्षण
- सीने व बाँह में दर्द
- सीने में दवाव व जकड़न
- सीने में जलन
- सांस फूलना
- शुगर एवं थाइराइड

दक्षिण हरियाणा का सबसे बड़ा अस्पताल घुटना बदलने का सफल ईलाज करता है



आपके दिल की सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी

## GASTRO
FACILITY AVAILABLE HERE
ERCP, ENDOSCOPY COLONOSCOPY

हार्ट अटैक एवं हृदय रोग संबंधित उपचार, एन्जियोग्राफी (हृदय की नसों की जांच), एन्जियोप्लास्टी व स्टटिंग, वाल्वोप्लास्टी, इको कार्डियोग्राफी एवं टी.एम.टी., पेसमेकर

BLOOD CENTRE FACILITY AVAILABLE 24X7 HOURS
DIALYSIS AT THE MOST AFFORDABLE PRICE AT REWARI

GASTRO
- JOINT REPLACEMENT
- NEURO SURGERY
- GYNAE & OBS.
- CARDIOLOGY
- UROLOGY
- PULMONOLOGY
- PEDIATRICS
- LAPAROSCOPY

उपलब्ध सुविधाएं:
- गुर्दे, पथरी व मूत्र रोग विशेषज्ञ
- पेट व लिवर रोग विशेषज्ञ
- स्त्री रोग विशेषज्ञ • बाल रोग विशेषज्ञ
- जनरल फिजिशियन • जनरल सर्जन
- न्यूरो सर्जरी • हड्डी व जोड़ रोग विशेषज्ञ
- ट्रामा सेंटर • दंत रोग विशेषज्ञ
- नैफ्रोलोजिस्ट • सी.टी. स्कैन • अल्ट्रासाऊण्ड
- डिजिटल एक्स-रे • पैथ लैब जांच
- कान, नाक गला रोग विशेषज्ञ

दूरबीन विधि द्वारा
हर्निया, गालब्लैडर, बच्चादानी, रसौली, गदूद व किडनी और पेट से संबंधित समस्त बिमारियों का ईलाज

घुटना एवं कुल्हा
Free for ECHS Panel
बदलने की विशेष सुविधा उपलब्ध

ALL MAJOR TPA & CASHLESS FACILITIES AVAILABLE
HERO MOTOCORP BSNL MARUTI SUZUKI
ECHS I HARYANA GOVT. & AAYUSHMAN BHARAT

Radiology
Ultrasound Machine



CT Scan Machine



रेवाड़ी जिले में एकमात्र सर्वोत्तम एवं अत्याधुनिक सी.टी. स्कैन मशीन (16 स्लाईस) अत्याधुनिक अल्ट्रासाऊंड डिजीटल एक्स-रे मशीन



24x7 Accidental & ट्रामा Facility Available

HARYANA GOVT. PANEL
HARYANA GOVT. PANEL

C.E.O. : DR. SHREYASH YADAV
Director : DR. S.P. YADAV, SH. RAVINDER KUMAR YADAV
PH.: 01274-263300 M.: 9671456665
Email id: pushpanjalihospitalrewari@gmail.com

राजेश पायलेट चौक, गढ़ी बोलनी रोड़, रेवाड़ी

**खबर संक्षेप**

### अवैध खनन एवं ओवरलोड 30 वाहनों की जांच

**चरखी दादरी।** हरियाणा सरकार अवैध खनन के खिलाफ कड़े कदम उठा रही है और खनन विभाग लगातार इस पर नजर बनाए हुए है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार विभाग के महानिदेशक केएम पांडुरंग खुद खनन विभाग की गतिविधियों की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। सरकार का मुख्य लक्ष्य खनन प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी बनाना और अवैध खनन को जड़ से खत्म करना है। जिला खनन अधिकारी रिंकू कुमार ने बताया कि विभागीय चेकिंग के तहत टीम ने कुल 30 वाहनों सहित मानकावास की दो खान साइटों को चैक किया।



अवैध निर्माण को ढहाती जेसीबी।

### अवैध निर्माण करने का किसी को अधिकार नहीं: उपायुक्त

**भिवानी।** उपायुक्त महावीर कौशिक ने कहा कि जिला में अवैध निर्माण करने का किसी को अधिकार नहीं है। इसी कड़ी में नगर योजनाकार विभाग द्वारा मौजा भिवानी जोनपाल में गुजरानी माईनर के पास साढ़े छह एकड़ से व तोशाम चौक से भिवानी-लोहारू बाईपास से 1.5 एकड़ से अवैध निर्माण को हटाने का अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान जेसीबी से चारदीवारी, कच्चे रोड़, डीपीसी व डिमार्केशन आदि अवैध निर्माण को तोड़ा गया। उपायुक्त ने बताया कि अवैध निर्माण हटाओ अभियान के तहत विभाग द्वारा जिला के गुजरानी माईनर के पास साढ़े छह एकड़ में फैली चार अवैध कॉलोनियों से 62 डीपीसी, एक चार दीवारी, दो अवैध निर्माण, तीन बिजली के खंभे तथा तोशाम चौक से भिवानी-लोहारू बाईपास पर 1.5 एकड़ अवैध कॉलोनी से 16 डीपीसी, 15 सीवरेज लाईन व कच्चे रास्तों आदि को तोड़ा गया।

## जैसलमेर हाइवे से एनएच-48 तक बाइपास रहेगा आंशिक बाधित

# एक माह बाद ही आरओबी का एक हिस्सा बंद एक सप्ताह के लिए दूसरा हिस्सा भी होगा बंद

- रेलवे ओवरब्रिज से एक्स्ट्रा स्पोर्ट हटाने के लिए रोका यातायात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

जैसलमेर नेशनल हाइवे को दिल्ली-जयपुर व रोहतक नेशनल हाइवे से जोड़ने वाले आउटर बाईपास के एक लगभग एक माह पूर्व शुरू किए गए एक हिस्से को न्यू रेवाड़ी रेलवे स्टेशन के पास एक बार फिर से बंद कर दिया गया है। इससे वाहनों का दबाव आरओबी के दूसरे हिस्से पर ही आ गया है। जिस हिस्से को बंद किया गया है, उसे एक सप्ताह बाद चालू किया जाएगा। इसके बाद एक सप्ताह के लिए ही दूसरे हिस्से को भी बंद किया जाएगा।

लंबे इंतजार के बाद भारत माला प्रोजेक्ट के तहत 800 करोड़ रुपये से ज्यादा की लागत से बने 14 किलोमीटर लंबे बाईपास पर वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर पर बनाए गए रेलवे ओवरब्रिज का एक हिस्सा गत वर्ष शुरू किया गया था, जबकि दूसरा हिस्सा करीब एक माह पहले ही शुरू किया गया। आरओबी के दोनों हिस्सों से यातायात शुरू होने के बाद तीन नेशनल हाइवे के बीच कनेक्टिविटी काफी आसान हो गई है। शहर से ट्रैफिक का दबाव भी 70 फीसदी तक कम हो गया है। रेवाड़ी व महेंद्रगढ़ रोड से दिल्ली, जयपुर और रोहतक की ओर आवागम करने वाले वाहन शहर के बाहर से ही गुजर रहे हैं, जिससे उनका समय और खर्च दोनों कम हो गए हैं। शहर में लगने वाले जाम से काफी हद तक छुटकारा मिल गया है। आउटर बाईपास से वाहन सरपट दौड़ते हुए निकल जाते हैं। दिल्ली की ओर आवागमन करने वाले वाहनों को 20 मिनट से भी ज्यादा की बजत हो रही है। करनावास तेल डिपो पर जाने वाले टैंकरों का आवागमन भी इसी बाईपास से हो रहा है, जबकि सभी भारी वाहन शहर की बजाय इसी मार्ग से निकल रहे हैं।




रेवाड़ी। आरओबी का बंद किया गया एक हिस्सा। फोटो :हरिभूमि



रेवाड़ी। आरओबी के एक हिस्से से गुजरते वाहन। फोटो :हरिभूमि



रेवाड़ी। आधे हिस्से पर बनाए गए बेरिकेड्स। फोटो :हरिभूमि

### एक हिस्से पर बढ़ा वाहनों का दबाव

नारनौल व महेंद्रगढ़ की ओर से आने वाले वाहनों को आरओबी का बायां हिस्सा बंद किए जाने के कारण ब्रेक लगाने पड़ रहे हैं। यह हिस्सा बंद होने के कारण आरओबी के दाएं हिस्से को ही अप-डाउन के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। आरओबी के एक हिस्से पर ही डायवर्जन किया गया है। दो पार्ट में सड़क को बांटा गया है, जिससे वाहनों को काफी धीमी गति से निकलना पड़ रहा है। इससे वाहनों के टकराने की आशंका भी बनी रहती है। आरओबी के एक हिस्से को सात दिन के लिए बंद किया गया है। दूसरे हिस्से से ही वाहनों का आवागमन होगा। इस हिस्से को एक सप्ताह के लिए बंद किया गया है। डिजाइनर ने ओवरब्रिज में लगी एक्स्ट्रा स्पोर्ट हटाने की अनुशंसा की है। इस हिस्से की एक्स्ट्रा स्पोर्ट हटाने के बाद दूसरे हिस्से की स्पोर्ट भी हटाई जाएगी। अगले सप्ताह उस हिस्से को भी सात दिन के लिए बंद किया जाएगा। वाहन इस समय बंद चल रहे हिस्से से ही आवागम कर सकेंगे।

**सात-सात दिन बंद रहेंगे दोनों हिस्से**

*आरओबी के डिजाइनर ने हाल ही में साइट का निरीक्षण किया था। इसके दोनों हिस्सों में यूज एक्स्ट्रा स्पोर्ट हटाने की अनुशंसा की गई थी। इसके बाद दोनों हिस्सों को स्पोर्ट हटाने के लिए सात-सात दिन बारी-बारी से बंद करने का निर्णय लिया गया। -योगेश तिलक, पीडी, एनएचएआई।*

**चुनिंदा आरओबी में एक है यह ब्रिज**

यह आरओबी देश के चुनिंदा रेलवे ओवरब्रिज में एक है। 111.5 लंबाई के इस आरओबी में बीच में कोई स्पोर्ट नहीं होने के कारण इसे स्पोर्टलैस आरओबी का नाम दिया गया है। निर्माण के बाद भी बार-बार तकनीकी खामियां आने के कारण इसे शुरू होने में निर्धारित से डेढ़ साल से भी ज्यादा का समय लग गया था। इसके दोनों हिस्सों से आवागमन होने के बाद तीन नेशनल हाइवे के बीच कनेक्टिविटी काफी सुगम हो गई, परंतु अब दोनों हिस्से शुरू होने में लगभग 15 दिन का समय और लगेगा।

## सुधराना रेलवे स्टेशन पर ट्रेन के ठहराव की मांग



रेवाड़ी। सुधराना स्टेशन अधीक्षक को ज्ञापन सौंपते ग्रामीण। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोसली

सुधराना व आसपास गांवों के ग्रामीणों ने बुधवार को सुधराना रेलवे स्टेशन के अधीक्षक को डीआरएम के नाम एक ज्ञापन सौंपकर भिवानी से ढेहर का बालाजी गाड़ी संख्या 14705 व गाड़ी संख्या 14706 ढेहर का बालाजी से भिवानी के बीच चलने वाली गाड़ी का सुधराना रेलवे स्टेशन पर ठहराव कराने की मांग की है। इस मौके पर आरसी दहिया, मास्टर बुच्चराम, राम सिंह सुबेदार महावीर सिंह, सरपंच प्रतिनिधि श्यालुराम, अनील कुमार, पुष्कर सिंह, महेन्द्रसिंह, विरेन्द्र सिंह व प्रवीण कुमार डागर उपस्थित थे।

## बाइक चोरी करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को किया गिरफ्तार

- पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके पूछताछ के लिए दो दिन के रिमांड पर लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

धारूहेड़ा थाना पुलिस ने बाइक चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान राजस्थान के जिला खैरथल तिजारा के गांव बालियावास निवासी तारिफ उर्फ बिरजू के रूप में हुई है। गांव नन्दरामपुर बांस निवासी विकास गत 7 मार्च को धारूहेड़ा के बास रोड पर करणेश वाटिका में शादी के प्रोग्राम में गया था। उसने अपनी बाइक को वाटिका की पार्किंग में खडी की थी, जिसे कोई व्यक्ति चोरी करके ले गया। पुलिस ने मंगलवार को मामले में संलिप्त एक आरोपी तारिफ उर्फ बिरजू को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके पूछताछ के लिए दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में बाइक चोरी का आरोपी। फोटो :हरिभूमि

## कैप्टन गुंजन को मिली मानद डॉक्ट्रेट की उपाधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

गांव जलालपुर की पुत्रवधु कैप्टन गुंजन को प्रधानमंत्री संग्रहालय दिल्ली में मानद डॉक्ट्रेट की उपाधि से सम्मानित किया गया है। डा. गुंजन दुआ एक सक्षम प्रहरी की भांति अपनी स्काई रिय एवी मेंशन अकेडमी जयपुर राजस्थान में प्रशिक्षण पॉयलटों को प्रशिक्षण देने के साथ-साथ विश्व संस्कृति एवं पर्यावरण संरक्षण को भी संरक्षित करने में विशेष भूमिका का निर्वहन कर रही है। डा. गुंजन को पूर्व में 6 सितंबर 2024 को भारत विभूषण पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था। विश्व संस्कृति एवं पर्यावरण संरक्षण आयोग भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय ने कैप्टन गुंजन दुआ को मानद डॉक्ट्रेट की उपाधि से सम्मानित किया है। डा. गुंजन राजस्थान जयपुर अकेडमी में पॉयलट का प्रशिक्षण देती है। रेवाड़ी निवासी गुंजन के मामा भोलाराम सहित अनेक संगठनों ने इस उपलब्धि पर बधाई दी है।



रेवाड़ी। डॉक्ट्रेट की उपाधि के साथ गुंजन दुआ। फोटो :हरिभूमि

## सूखे रंगों से सुरक्षित होली खेलने का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

सैनी पब्लिक स्कूल में बुधवार को होली का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

विद्यार्थियों ने गीत, कविता व नृत्य प्रस्तुत किए। सभी विद्यार्थियों ने गुलाल से होली खेलने का आनंद उठाया। सैनी सभा के प्रधान नवीन सैनी, सैनी पब्लिक स्कूल के चेयरमैन चेतराम सैनी, महासचिव मनोज सैनी सहसचिव कैलाश सैनी, कोषाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण सैनी व कार्यकारिणी के सदस्यों ने विद्यार्थियों व स्टाफ को होली की बधाई दी। प्राचार्या अनीता यादव ने विद्यार्थियों को सूखे रंगों से सुरक्षित होली खेलने का संदेश देते हुए पानी बचाने की अपील की।



रेवाड़ी। स्कूल में होली का पर्व मनाते विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

# अग्निपथ योजना की ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया आरंभ

- दस अप्रैल तक होंगे आवेदन
- ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 10 अप्रैल को बंद कर दी जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

अग्निपथ योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया बुधवार से आरंभ हो गई है। आवेदन की प्रक्रिया 10 अप्रैल तक चलेगी। अग्निवीर अभ्यर्थी अपनी पात्रता के आधार पर किसी भी दो श्रेणियों के लिए आवेदन कर सकते हैं। दो श्रेणियों के फॉर्म अलग अलग भरने होंगे। ऑनलाइन परीक्षा के लिए अभ्यर्थी द्वारा प्रति आवेदक परीक्षा शुल्क 250 रुपये का भुगतान किया जाना है। भर्ती वर्ष 2025-26 के लिए अग्निवीरों की भर्ती दो चरणों में की जाएगी। चरण एक में ऑनलाइन कंप्यूटर आधारित लिखित परीक्षा होगी, जबकि चरण दो में भर्ती रैली आयोजित होगी। सेना भर्ती कार्यालय से रैली के संयोजक कर्नल के संदीप ने बताया कि भर्ती के लिए इच्छुक उम्मीदवार को वे ब सा इ ट ज्वाइनइंडियनआर्मी.एमआईसी.इ न पर रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है। ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 10 अप्रैल को बंद कर दी जाएगी। भिवानी, चरखी दादरी, महेन्द्रगढ़ व रेवाड़ी जिले के वे युवा जिनका जन्म 1 अक्टूबर 2004 से 1 अप्रैल 2008 के बीच हुआ है और उन्होंने दसवीं या बारहवीं की कक्षा उत्तीर्ण की है और वे उम्मीदवार जो कक्षा 10वीं और कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा में उपस्थित हुए हैं और परिणामों की घोषणा की प्रतीक्षा कर रहे हैं, वे भी आवेदन करने के पात्र हैं। कर्नल ने बताया कि अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर लिपिक व स्टोर कीपर तकनीकी, अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर ट्रेडसमैन दसवीं पास व अग्निवीर ट्रेडसमैन आठवीं पास के पद सभी आर्मफोर्स के लिए है। जिन उम्मीदवारों ने न्यूनतम शैक्षणिक व आयु सीमा की योग्यता पूरी कर रखी है, वे इस योजना के तहत अपने आवेदन ऑनलाइन कर सकते है। आवेदन करते समय सभी उम्मीदवार अपना निजी मोबाइल नंबर की जानकारी दर्ज करके सबमिट का बटन अवश्य दबाएं। उम्मीदवार जितनी बार भी अपना ऑनलाइन फार्म खोले, उसे बंद करने से पहले वे सबमिट बटन को अवश्य दबाएं। कर्नल संदीप में बताया कि अग्निवीर आर्मी रैली की प्रक्रिया पूरी तरह से निःशुल्क है तथा उम्मीदवार को इसके लिए किसी संस्था या कोचिंग सेंटर से जुड़ने की आवश्यकता नहीं है। सेना भर्ती से पूर्व किसी भी प्रकार का कोई ट्रायल भी नहीं कराती है। उन्होंने सभी अभ्यार्थियों से अनुरोध किया है कि वे किसी भी तरह की भर्ती संबंधी अफवाह पर ध्यान न दें और भर्ती के दौरान दलालों से सावधान रहें। यदि किसी प्रार्थी को फार्म भरने में समस्या आती है तो वे आर्मी की वेबसाइट व चरखी दादरी सेना भर्ती कार्यालय में भी निजी तौर पर संपर्क कर सकते है। सभी उम्मीदवारों को परीक्षा केंद्र के पांच स्थान भरने होंगे।

**आईटीआई-कौशल योग्य उम्मीदवारों के लिए बोनस अंक**

10वीं प्लस दो साल का आईटीआई कोर्स को 20 अंक, 10वीं प्लस 2व 3 साल के डिप्लोमा को 30 अंक, 12वीं प्लस एक साल का आईटीआई कोर्स को 30 अंक, 12वीं प्लस दो साल का आईटीआई कोर्स को 40 अंक व 12वीं प्लस डिप्लोमा धारक को 50 बोनस अंक दिए जाएंगे। एनसीसी ए और बी के लिए 5 और 10 अंक बोनस मिलेंगे तथा एनसीसी सी सर्टिफिकेट के लिए जीडी श्रेणी में 20 और बाकी श्रेणी 15 अंक मिलेंगे। गणतंत्र दिवस भागीदारी के अतिरिक्त 5 अंक मिलेंगे।

**राजनीति** पूर्व सीएम व केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल की अनुशंसा पर दी गई टिकट

# मानेसर निगम में भाजपा को 'मनोहर मात' दिग्गजों का प्रचार भी नहीं आया काम

अपने ही गढ़ में 'बेगाने' की सक्रियता नहीं आई थी राव को रास







राव इन्द्रजीत सिंह, मनोहर लाल खट्टर, डा. इंद्रजीत।

नरेन्द्र वत्स ▶▶ रेवाड़ी

निकाय चुनावों में गुरूग्राम के मानेसर में नगर निगम चुनाव अन्य निगमों से कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण बना हुआ था। इस निगम में मेयर पद के लिए पूर्व सीएम व केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल की पसंद के सुंदरलाल को मैदान में उतारना केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह को रास नहीं आया था। वह पार्टी पर दबाव बनाकर प्रत्याशी बदलवाने में तो कामयाब नहीं हो पाए, परंतु प्रचार में चुप्पी साधकर भाजपा को अंदरखाने झटका देने में जरूर कामयाब हो गए। इस निगम में निर्दलीय प्रत्याशी डा. इंद्रजीत की जीत को राव के साथ जोड़कर देखा जा रहा है। राव समर्थकों ने खुलकर तो नहीं, परंतु अंदरखाने जमकर जश्न मनाया। अपने ही लोकसभा क्षेत्र के अधीन आने वाले मानेसर में केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल का मेयर प्रत्याशी के चयन में दखल राव इंद्रजीत सिंह को शुरू से ही रास नहीं आ रहा था। वह सुंदरलाल की जगह किसी और टिकट दिलाना चाहते थे, परंतु पार्टी हाईकमान ने मनोहरलाल की पसंद पर ही ठप्पा लगा दिया था। राव ने चुनाव प्रचार से दूरी बना ली थी, जबकि उनके विरोधी खेमे से जुड़े कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह ने भाजपा प्रत्याशी को जिताने के लिए पूरी ताकत लगा दी थी। निर्दलीय प्रत्याशी डा. इंद्रजीत के पति राव इंद्रजीत सिंह के खास माने जाते हैं। डा. इंद्रजीत ने खुद को राव समर्थित होने का दावा तक करना शुरू कर दिया था। चुनाव प्रचार के दौरान राव सुंदरलाल के प्रचार के लिए नहीं आए। यह बात और है कि बेटी आरती राव ने प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री होने के नाते प्रचार की औपचारिकता जरूर पूरी की थी। सीएम से लेकर भाजपा के दूसरे दिग्गजों ने भी सुंदरलाल की जीत सुनिश्चित करने के लिए प्रचार मैदान में पूरी ताकत लगा दी थी। प्रचार में निर्दलीय प्रत्याशी डा. इंद्रजीत ही नरबीर के निशाने पर रहे थे, जिससे मुकाबला भाजपा बनाव राव बन चुका था।

**आसान नहीं 'शेर की मांद' में शिकार**

निकाय चुनावों में माहौल पूरी तरह भाजपा के पक्ष में नजर आ रहा था। पार्टी अधिकांश निगमों में जीत सुनिश्चत मानकर चल रही थी। सूत्रों के अनुसार प्रत्याशी के चयन में मानेसर में राव की अनदेखी उनके समर्थकों को शुरू से ही रास नहीं आ रही थी। राजनीतिक रूप से सक्रिय व प्रभावी राव समर्थक खुलकर डा. इंद्रजीत के साथ नहीं आए, परंतु अंदरखाने उन्होंने अपनी रणनीति को अंजाम देने की पूरी रणनीति तैयार कर ली थी। इसी रणनीति को सिरे चढ़ाकर उन्होंने यह दिखा दिया कि 'शेर की मांद' में घुसकर शिकार करना आसान नहीं है।

**अंतिम समय पर जारी हुआ था ऑडियो**

मतदान से दो दिन पहले केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह का एक ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इसमें राव मानेसर में भाजपा प्रत्याशी सुंदरलाल के लिए प्रचार में शामिल होने का कारण 'व्यवस्था नहीं बन पाना' बताते हुए कह रहे थे कि वह भाजपा प्रत्याशी के साथ हैं। उनके खिलाफ भ्रामक प्रचार किया जा रहा है। उन्होंने ऑडियो में भाजपा प्रत्याशी सुंदरलाल को जिताने की अपील भी की थी। केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत ने गत दिनों दिशा की बैठक में शामिल होने के बाद इस ऑडियो को लेकर पूछे गए सवाल पर भी पूरी तरह चुप्पी साध ली थी।

## बाबा रामस्वरूप दास महाराज सीहा की हवेली में जागरण आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुंड

जिले के गांव सीहा में संत शिरोमणि बाबा रामस्वरूप दास महाराज की पैतृक हवेली में 13 मार्च होली के अवसर पर रात्रि जागरण तथा धुलेंडी पर्व पर सीहा की पहाड़ी पर ऐतिहासिक वार्षिक मेले का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति के संयोजक साहित्यकार सुशील कुमार आजाद ने बताया कि प्रतिवर्ष होली की रात्रि को बाबा रामस्वरूप दास महाराज की पैतृक हवेली में जागरण के माध्यम से उनकी महिमा का गुणगान किया जाता है।

यह 9वां जागरण होगा, जिसमें गायिका ऋतु शर्मा मुंबई व बुवानी खेड़ा से बब्लू राठी, रजनी जांगड़ा व अजीत सिंह राठौर तथा खजान सिंह सीहा अपने भजनों के माध्यम से बाबा का गुणगान करेंगे। उन्होंने बताया कि दादूपंथी बाबा रामस्वरूप आश्रम सीहा के महंत स्वामी नरोत्तमदास महाराज जागरण महोत्सव का शुभारंभ करेंगे।इस अवसर पर स्वामी धर्मदास महाराज सहित अनेक संत महात्मा व सामाजिक कार्यकर्ता पस्थित रहेंगे।



रेवाड़ी। बाबा रामस्वरूप दास महाराज का फाइल फोटो।

**खबर संक्षेप**

### यदुवंशी कॉलेज में हुई खेलकूद प्रतियोगिता

**महेंद्रगढ़।** यदुवंशी कॉलेज में स्पोर्टस और होली सेलिब्रेशन का आयोजन किया गया। इस आयोजन में संस्था चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ,ग्रुप डायरेक्टर विजय सिंह यादव ने अपने प्रेरणादायक विचार साझा किया। राव बहादुर सिंह ने अपने कॉलेज के सभी साथी विद्यार्थियों को होली की शुभकामनाएं दी। ग्रुप डायरेक्टर विजय सिंह यादव ने कहा कि होली प्यार और भाईचारा का प्रतीक हैं। वायस चेयरमैन एडवोकेट कर्ण सिंह यादव, चेयरपर्सन संगीता यादव ने बताया कि इस कार्यक्रम में विभिन्न खेल का भी आयोजन किया गया।

### देवयानी स्कूल में मनाया होली महोत्सव

**महेंद्रगढ़।** देवयानी इंटरनेशनल स्कूल बेवल के विद्यार्थियों ने होली का त्यौहार मनाया गया। किड्स कक्षा के बच्चों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली खेली। दूसरी कक्षा के बच्चों ने रंग बरसे, रंग बरसे गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। किड्स कक्षा से डोयल, गरिमा, नव्या, प्राची, खुशी यादव ने अपने ग्रुप के साथ मिलकर आज ब्रज में होली है गीत पर सुंदर नृत्य किया।

## ओलावृष्टि से खराब फसलों की जानकारी पोर्टल पर अपलोड करने की अपील

# डीसी ने खेतों में जाकर की खराब फसलों की गिरदावरी की पड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी



रेवाड़ी। गांव में सरसों की फसल की जांच करते डीसी तथा फसलों की आंकड़ों की जांच करते डीसी। फोटो : हरिभूमि

डीसी अभिषेक मीणा ने बुधवार को रबी फसलों की गिरदावरी की पड़ताल के लिए जिले के विभिन्न गांवों का दौरा किया और खेतों में मौके पर जाकर फसल और दर्ज आंकड़ों की जांच की।

राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ मौके पर मुआयना करते हुए डीसी ने सजरा और टैब में दर्ज जानकारियों का मिलान किया। डीसी ने गांव पांचौर, आसियाकी, जड़थल, पीथनवास, काठूवास, गोठडा अहीर और पाली गांव में फसलों का दर्ज आंकड़ों से मिलान किया। डीसी ने गिरदावरी के कार्य में लगे अधिकारियों को निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से कार्य करने के निर्देश दिए। डीसी ने कहा कि राजस्व विभाग के अधिकारी समय-समय पर स्वयं भी गिरदावरी में दर्ज जानकारी का फील्ड में जाकर मिलान करें। फसलों की गिरदावरी एक महत्वपूर्ण कार्य है। ऐसे में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इसी गिरदावरी के अनुसार मंडी में उपज की खरीद होती है व सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ किसानों को मिलता है।

डीसी अभिषेक मीणा ने खेतों में ओलावृष्टि से फसलों के नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि जिन किसानों की फसलों को ओलावृष्टि के कारण नुकसान हुआ है वे क्षतिपूर्ति पोर्टल पर जानकारी अपलोड करें। डीसी ने कहा कि सरकार गिरदावरी के माध्यम से एकत्रित आंकडों को आधार बनाकर ही खरीद प्रबंधों और किसानों के हित में नई-नई नीतिया बनाती है। इस दौरान डीआरओ प्रदीप देशवाल, तहसीलदार श्रीनिवास, नायब तहसीलदार नेहा यादव, अमित कुमार व श्यामसुन्दर, सदर गिरदावर राजकुमार व सदर पटवारी सुधीर कुमार सहित सम्बंधित गांवों के पटवारी, गिरदावर, सरपंच, नम्बरदार व ग्राम वासी उपस्थित थे।


रेवाड़ी। कार्यालय में जीत का जश्न मनाते भाजपा कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

## निकाय चुनाव में जीत पर भाजपाइयों ने मनाया जश्न

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

■ जनता ने एक बार फिर जनकल्याणकारी नीतियों पर मोहर लगाई : पोपली

निकाय चुनाव में भाजपा की जीत पर बुधवार को जिला भाजपा कार्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने जलेबी बांटकर जश्न मनाया। भाजपा जिला अध्यक्ष डा. वंदना पोपली ने कहा इस जीत से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व सीएम नायब सैनी की जनकल्याणकारी नीतियों पर जनता ने एक बार फिर मोहर लगाई है।

उन्होंने इस जीत को पार्टी का नेतृत्व और संगठन की मेहनत का परिणाम बताया। उन्होंने देश में सबसे ज्यादा मार्जिन के साथ मेयर चुनाव जीतने का रिकॉर्ड तोड़ने पर भी हरियाणा और फरीदाबाद की जनता का धन्यवाद किया। पहले ये रिकॉर्ड गाजियाबाद में बीजेपी उम्मीदवार सुनीता दयाल के नाम था। फरीदाबाद से बीजेपी की प्रवीन बत्रा जोशी ने 316852 का नया रिकॉर्ड बनाया है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह जीत जनता के विश्वास और बीजेपी की नीतियों की सफलता को दर्शाती है। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष दिनेश यादव, धर्म कसाना, अनूप यादव, गोपी लिसान, समीर कालड़ा, सुभाष यादव, पंडित हिमांशु पालीवाल, प्रवीण शर्मा, गौरव शर्मा, जतिन अरनेजा, सौरव यादव, कुलदीप चौहान, नीतू चौधरी, धीरज यादव, अनूप धनखड़, मुकेश यादव, दिनेश, संजय लिसान, राजपाल सरपंच, सांमरिया, जोगेंद्र यादव व उमेश आदि मौजूद थे।

## महिला को झांसा देकर साइबर ठगी करने के मामले में एक गिरफ्तार

■ ठगी के इस मामले में दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी


रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में ठगी का आरोपी।

साइबर थाना पुलिस ने गांव भाकली निवासी एक महिला को महंगे पार्सल का झांसा देकर साइबर ठगी करने के मामले एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान राजस्थान के जिला धौलपुर के गांव सुनकई निवासी सतेन्द्र मीना उर्फ अच्छु के रूप में हुई है।

पुलिस इस मामले में दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। गत 5 जनवरी को गांव भाकली निवासी एक महिला ने अपनी शिकायत में बताया था कि 15 दिसंबर 2024 को उसके पास एक अनजान नंबर से फोन आया था। फोन करने वाले ने उसे बताया कि उसका एक पार्सल आया हुआ है। पार्सल काफी महंगा होने के कारण उसे 42 हजार रुपये टैक्स के देने होंगे। उसने बातों में आकर तीन बार में 42 हजार रुपये आरोपी के बताए गए खाता नंबरों पर ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद उसे बताया गया कि उसने गलत खाता नंबरों पर पैसे डाले हैं। उसकी यह राशि उसे वापस मिल जाएगी, लेकिन उसे दूसरे नंबरों पर पैसे डालने होंगे। महिला ने बताया कि लगातार फोन पर बात करते हुए आरोपी ने झांसे में देकर उससे 1 लाख 40 हजार 900 रुपये विभिन्न बैंक खातों में ट्रांसफर करा लिए। पुलिस ने मामले में संलिप्त दो आरोपी राजस्थान के जिला धोलपुर के गांव दीवानपुरा जखा निवासी सचिन मीना व संजीत मीना को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था।

आरोपियों से पूछताछ के बाद इस बात का खुलासा हुआ था कि महिला के खाते से करीब 86 हजार रुपये सचिन मीना व संजीत मीना के खाते में गए थे। सतेन्द्र मीना उर्फ अच्छु ने दोनों आरोपियों से खाता लेकर, कमीशन के आधार पर आगे साइबर ठगों को उपलब्ध कराया था। पुलिस ने बुधवार को मामले में संलिप्त एक और आरोपी सतेन्द्र मीना उर्फ अच्छु को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

## ड्रोन पायलट प्रशिक्षण के लिए जमा कराएं दस्तावेज

■ बेरोजगार युवाओं व किसानों से कृषि विभाग ने मांगे थे आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी


रेवाड़ी। सहायक कृषि अभियंता इंजी. दिनेश शर्मा।

सहायक कृषि अभियंता इंजी. दिनेश शर्मा ने बताया कि कृषि विभाग की ओर से राज्य के बेरोजगार युवाओं व किसानों को ड्रोन पायलट प्रशिक्षण देने के लिए 20 जनवरी से 10 फरवरी 2025 तक विभागीय पोर्टल पर आवेदन आमंत्रित किए गए थे।

उन्होंने अंतिम तिथि तक विभागीय पोर्टल पर आवेदन करने वाले बेरोजगार युवाओं व किसानों से अपने संबंधित दस्तावेज शैक्षणिक योग्यता, वैद्य पासपोर्ट, मेरी फसल-मेरा ब्योरा पंजीकरण, प्रगतिशील प्रमाण पत्र, एफपीओ-सीएचसी सदस्यता प्रमाण पत्र तथा किसान उत्पादक संगठन या कस्टम हॉयरिंग सेंटर द्वारा किए गए कार्य का प्रमाण पत्र सहायक कृषि अभियंता रेवाड़ी कार्यालय में जमा कराने की अपील की है।

सहायक कृषि अभियंता दिनेश शर्मा ने बताया कि ड्रोन पायलट प्रशिक्षण के लिए लाभार्थियों का चयन जिला उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कार्यकारिणी कमेटी द्वारा किया जाएगा। किसानों को यह प्रशिक्षण पूर्णतः निःशुल्क प्रदान किया जाएगा।

## निकाय चुनावों में जीत भाजपा की नीति पर जनता की मुहर : डॉ. बनवारी लाल

■ भाजपा प्रत्याशियों की जीत के बाद मनाया जश्न, मिठाइयां बांटकर जताई खुशी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी


रेवाड़ी। अपने निवास पर समर्थकों की बैठक को संबोधित करते डॉ. बनवारीलाल।

पूर्व मंत्री डा. बनवारीलाल ने कहा कि निकाय चुनावों में भाजपा प्रत्याशियों की जीत ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि केंद्र और प्रदेश में भाजपा सरकारों की कुशल नीतियां जनता की पहली पसंद बनी हुई हैं। इन चुनावों में जीत के साथ ही शहरों में ट्रिपल इंजन की सरकार तीन गुणा गति से विकास कर सकेंगी। डा. बनवारीलाल बुधवार को अपने निवास पर आयोजित होली मिलन समारोह में समर्थकों को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि जिस तरह से देश की जनता ने लोकसभा चुनावों में पीएम मोदी नीतियों पर मोहर लगाई थी, ठीक उसी तरह विधानसभा चुनावों के बाद नगर निगमों, नगर परिषद और नगर पालिकाओं के चुनावों में भी भाजपा को अपार जनसमर्थन मिला है। भाजपा सरकार भ्रष्टाचारमुक्त शासन के इरादे के साथ देश और प्रदेश में समान रूप से विकास कर रही है।

**दोनों मोर्चों पर मिल चुकी बड़ी सफलता**

डा. बनवारीलाल को निकाय चुनावों में पानीपत निगम चुनाव को प्रभारी बनाया गया था। उनकी कड़ी मेहनत के कारण भाजपा प्रत्याशी कोमल सैनी को 1.23 लाख से अधिक मतों के अंतर से जीत मिली है। डा. बनवारीलाल को दिल्ली विधानसभा चुनावों में नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र का प्रवासी प्रभारी बनाया गया था, जहां भाजपा के प्रवेश वर्मा को मतों के बड़े अंतर से जीत मिली थी। अब संगठन और सरकार में नई नियुक्तियां होनी हैं, जिनमें डा. बनवारीलाल को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है।


रेवाड़ी। होली का पर्व मनाते हुए विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## होली पर जल को व्यर्थ न बहाने की शपथ दिलाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

विवेकानंद पब्लिक स्कूल लाखनौर में होली महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। अध्यापकों ने विद्यार्थियों को रंगों के पावन पर्व के इतिहास व महत्व के बारे में बताया।

प्राइमरी विंग के बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियां देकर सबका मन मोहा। विद्यार्थियों ने एक-दूसरे को गुलाल से तिलक लगाकर आपसी प्रेम, भाईचारे तथा जल रहित होली मनाने का संदेश दिया। स्कूल के निदेशक एडवोकेट सुधीर यादव ने विद्यार्थियों को होली पर्व से जुड़े कई पौराणिक तथ्यों के बारे में बताया व केमिकल युक्त पक्के रंगों के नुकसान बताकर प्राकृतिक रंगों से होली खेलने की अपील की। उन्होंने सभी को जीवन के लिए जरूरी अमूल्य जल को व्यर्थ न करने की शपथ भी दिलाई।

## ट्रैफिक पुलिस ने विद्यार्थियों को बताए ट्रैफिक नियम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी


रेवाड़ी। बच्चों के साथ ट्रैफिक संचलन करते पुलिसकर्मी। फोटो : हरिभूमि

ट्रैफिक पुलिस की ओर से शहर में छात्रों को साथ ट्रैफिक जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को ट्रैफिक जैकिट पहनाकर ट्रैफिक संचालन की जानकारी भी दी गई।

बालियर खुर्द स्थित माउंट हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने नाईवाली चौक पर ट्रैफिक पुलिस के साथ यातायात संचालन किया। ट्रैफिक पुलिसकर्मियों ने उन्हें लाल बत्ती व हरी बत्ती जलने के महत्व और ट्रैफिक के आने जाने के दौरान ध्यान रखने योग्य बातों के बारे में बताया।

सिटी ट्रैफिक इंचार्ज निरीक्षक सुरेन्द्र सिंह ने विद्यार्थियों व वाहन चालकों को यातायात नियमों की पालना करने, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट लगाने, रॉन्ग साइड ड्राइविंग न करने, वाहन चलते समय मोबाइल फोन व नशीले पदार्थ का प्रयोग न करने के साथ ही नाबालिग बच्चों को टू और फोर व्हीलर गाड़ी न चलाने बारे भी जागरूक किया।नशे के दुष्प्रभावों व समय पर ट्रैफिक चालान भरने बारे भी जागरूक किया गया।


रेवाड़ी। स्कूल में होली का पर्व मनाते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### होली सिर्फ रंगों का पर्व नहीं, भाईचारे और सद्भावना का प्रतीक : यादव

**कोसली।** यदुवंशी शिक्षा निकेतन स्कूल कोसली में होली उत्सव का धूमधाम से आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य ने छात्रों को सद्भावना का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया। नृत्य, संगीत, कविता पाठ और नाटक के माध्यम से छात्रों ने होली के महत्व को प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश यादव ने कहा कि होली सिर्फ रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि भाईचारे, प्रेम और सद्भावना का प्रतीक है। उन्होंने सभी छात्रों से अनुरोध किया कि वे होली को सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल तरीके से मनाएं तथा दूसरों की भावनाओं का सम्मान करें। शिक्षकों ने भी छात्रों को होली से जुड़ी पौराणिक कथाओं और इसकी सांस्कृतिक महत्वता के बारे में बताया।



रेवाड़ी। शिविर मे लोगों की शिकयतें सुनते हुए एडीसी। फोटो : हरिभूमि

## एडीसी ने समाधान शिविर में सुनीं जनसमस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

एडीसी अनुपमा अंजलि ने बुधवार को समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतों,समस्याओं तथा सुझावों की सुनवाई करते हुए अधिकारियों को मामलों पर त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

उन्होंने विभागाध्यक्षों से कहा वह व्यापक जनहित के मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निपटारा करें। शिविर में रेवाड़ी से बिमला देवी की मौके पर बुढ़ापा पेंशन बनाने कार्रवाई पूरी की गई। समाधान शिविर में प्रॉपर्टी आईडी, श्रम विभाग, परिवार पहचान पत्र इत्यादि से संबंधित शिकायतें प्राप्त हो रही है। इस अवसर पर एसडीएम सुरेंद्र सिंह, सीटीएम प्रीति रावत व डीडीपीओ नरेंद्र सारवान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

**अभियान** | सरकुलर रोड पर ट्रैफिक पुलिस की टीम ने हटवाया अतिक्रमण

होटलों और दुकानों के बाहर चली कटर मशीन

# अतिक्रमण पर नगर परिषद 'निकम्मी' ट्रैफिक पुलिस ने संभाला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी


रेवाड़ी। दो होटलों के बाहर लोहे के एंगल कटवाती पुलिस। फोटो : हरिभूमि

शहर के अतिक्रमण को लेकर नगर परिषद 'निकम्मी' साबित हो रही है। आमजन को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। अब ट्रैफिक पुलिस ने अतिक्रमण हटाने के लिए मोर्चा संभाला है।

पुलिस ने होटलों और दुकानों के बाहर किए गए अतिक्रमण को हटवाना शुरू कर दिया है। सरकुलर रोड शहर का प्रमुख रोड है। इस रोड पर होटल-ढाबों से लेकर दुकानदारों तक ने सीमा के बाहर लोहे की एंगल लगाकर काउंटर तक बाहर फिट किए हुए हैं। बुधवार को ट्रैफिक पुलिस ने दुकानों के बाहर लगाए गए एंगलों को कटर मशीन से कटवाना शुरू कर दिया। रेलवे चौक व अन्य स्थानों पर पुलिस ने अपनी मौजूदगी में स्थाई रूप से लगाए गए एंगल व काउंटर कटर से कटवाकर हटवा दिए। इससे सरकुलर रोड के हालात सुधरते हुए नजर आने लगे हैं। ट्रैफिक पुलिस के डीएसपी विनोद शंकर ने बताया कि सरकुलर रोड पर अतिक्रमण के कारण जाम की समस्या बनी रहती है। दुकानदारों को सहयोग का रुख दिखाते हुए अतिक्रमण करने से बचना चाहिए।

अतिक्रमण हटने के बाद जाम की समस्या अपने आप कम हो जाती है। पुलिस की इस कार्रवाई की आमजन ने सराहना की है।

**चेतावनी तक सीमित नप अफसर**

नप अफसर अभी तक अतिक्रमण करने वाले लोगों को चेतावनी देने तक सीमित हैं। जब भी नगर परिषद की टीम अतिक्रमण हटवाने के लिए बाजार में निकलती है, सूचना लीक होने के कारण दुकानदार खुद ही अतिक्रमण हटा लेते हैं। टीम के लौटने के बाद हालात फिर वही बन जाते हैं।

मानसून सीजन को लेकर तैयारी

## विभागों को पहले से प्रबंध करने के दिए दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

डीसी अभिषेक मीणा ने आगामी बरसात के सीजन को लेकर जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, सिंचाई एवं जल संसाधन व बिजली निगम सहित सभी विभागों को अग्रिम प्रबंध करने की हिदायत दी है। बाढ़ एवं सूखा राहत प्रबंधों के संदर्भ में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हरियाणा राज्य तकनीकी सलाहकार समिति की 54वीं बैठक के उपरांत डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए।

बैठक में उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गया कि मसानी बैराज में दूषित जल की समस्या के स्थाई हल के लिए एक दीर्घ अवधि की परियोजना पर कार्य किया जा रहा है। जिले के लिए प्राथमिकता के आधार पर परियोजनाओं का प्रस्ताव तैयार कर जल्द ही मुख्यालय भेजा जाएगा। डीसी ने कहा कि शहर से जल निकासी की पुख्ता व्यवस्था की जाए। ड्रैन, तालाब व वाटर चैनल की सफाई के कार्यों को समय रहते पूरा करें। जल निकासी के लिए मोटर, पंप सेट, इंजन, मिट्टी के कट्टे व पोर्टेबल पंप के प्रबंध करें ताकि जलभराव की स्थिति में अतिरिक्त पानी की निकासी की जा सकें।

**टेंडर सूचना**

**दी कोसली रेलवे स्टेशन को. ओ. मार्केटिंग कम प्रोसेसिंग सोसायटी लिमिटेड कोसली (रेवाड़ी)**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कोसली मंडी में सरसों की सरकारी खरीद के लिए लेबर की आवश्यकता है। जो लेबर ठेकेदार कोसली मंडी में लेबर का ठेका लेने के इच्छुक हो, व दिनांक 17.03.2025 को मार्केटिंग सोसाइटी कोसली कार्यालय में प्रातः 10:00 बजे अपने आवेदन जमा करे। टेंडर फार्म व नियम एवं शर्ते समिति में किसी भी कार्य दिवस पर प्राप्त करे।

हस्ता/- प्रबंधक
सहकारी विपणन समिति कोसली

DK Realestate
A name you can trust it.
DK Real Estate
लेकर आया है आपके लिए रेवाड़ी की प्राइम लोकेशन नया बस स्टैण्ड व मैट्रो स्टेशन के पास
प्लॉट ही प्लॉट
मात्र 20000/- प्रति वर्ग गज से शुरू
Website : www.dkrealestate.co.in
Dinesh Kumar dkrealestaterewari DK Real Estate
आप सभी के लिए 100 गज के प्लाट पर
सुनहरा अवसर
30% की छूट* लक्की ड्रा के तहत
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें।
9467141575

## खबर संक्षेप

### दो किसानों के कुंएं से केबल ले गए चोर

**धारूहेड़ा।** गांव खरखड़ा स्थित ट्यूबवेल से चोर सबमर्सिबल की केबल व सोलर सिस्टम का सामान चोरी कर ले गए। गांव निवासी नरेश कुमार ने धारूहेड़ा थाना पुलिस को बताया कि 10 मार्च को जब वह अपने कुंएं पर गया तो सबमर्सिबल की 20 फीट केबल व सोलर सिस्टम के 35-36 शॉकर गायब थे। चोर उनके पड़ोसी खेत से राजेन्द्र की भी 20 फीट केबल चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात पर चोरी का केस दर्ज कर लिया है।

### चार किसानों के खेत से फव्वारे के 54 नोजल चोरी

**डहीना।** गांव सीहा स्थित खेतों से चोर चार किसानों के फव्वारे के नोजल चोरी कर ले गए। सीहा निवासी गजराज ने डहीना चौकी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 10 मार्च की रात को उसके खेत से चोर नोजल चोरी कर ले गए। चोर उसके भाई राममेहर सिंह, अभय सिंह व राजकुमार सहित उसके खेत से 54 नोजल चुरा ले गए। पुलिस ने गजराज की शिकायत के आधार पर अज्ञात के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कर लिया है।

### नई आबादी से घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी

**रेवाड़ी।** शहर के मोहल्ला नई आबादी से चोर बाइक चोरी कर ले गए। नई आबादी निवासी सुरेन्द्र कुमार अरोड़ा ने गोकल गेअ चौकी पुलिस को बताया कि वह रेलवे रोड पर अंडे की रेहड़ी लगाता है। 6 मार्च को उसकी बाइक घर के बाहर गली में खड़ी थी। जब वह करीब दोपहर 3 बजे बाहर आया तो बाइक चोरी हो चुकी थी। अपने स्तर पर तलाश करने के बाद उसने 11 मार्च को पुलिस का शिकायत दी। पुलिस ने अज्ञात पर चोरी का केस दर्ज कर लिया है।



### नांगल मूंदी में मेला व रागनी कंपीटिशन कल

**कुंड।** जिले के गांव नांगल मूंदी स्थित अस्थल में बाबा सेवादास की स्मृति में 14 मार्च को मेला व रागनी कंपीटिशन का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति के सदस्य अमर सिंह पंच व महेंद्र स्वामी ने बताया कि यह मेला प्राचीन समय से आयोजित किया जा रहा है। मेले के मुख्यातिथि ब्लॉक समिति चेयरमैन प्रतिनिधी रवींद्र खोला जाड़रा व विशिष्ट अतिथि ब्लॉक समिति सदस्य डहिना होंगे। मेले की अध्यक्षता मूंदी व नांगल सरपंच प्रतिनिधि अनिल यादव तथा अजय सिंह करेंगे। मास्टर हंसराज के म्यूजिक ग्रुप के सानिध्य में तरुण बाल्यान, रिंकू चौधरी, सुरेश बालियान, प्रिटी कश्यप, अन्नू शर्मा व डांसर मनीषा मरजानी अपनी प्रस्तुति देंगे।

# कंडम गाड़ी की रिपेयर के बाद बीमा, चोरी दिखाकर वसूल रहे मोटा क्लेम

- बीमा कंपनियों के साथ धोखाधड़ी के कई मामले आ रहे सामने, अब दावों का निस्तारण करने से पहले कर रहे पूरी पड़ताल
- जांच में यह बात भी सामने आई कि शिकायतकर्ता के परिवार का सदस्य दिल्ली पुलिस में है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

बीमा कंपनियों के साथ फर्जी मेडिकल बिल लगाकर प्रतिपूर्ति के दावे पेश करने के साथ-साथ धोखाधड़ी के अन्य मामले भी सामने आ रहे हैं।

इनमें कंडम गाड़ी रिपेयर कराने के बाद गाड़ी की अच्छी कीमत का बीमा कराने के बाद गाड़ी चोरी के क्लेम वसूलने के मामले ज्यादा हैं। इनमें ज्यादातर मामले दिल्ली में हुए हैं, जिनकी जांच वहां की क्राइम ब्रांच कर रही है।

दिल्ली के रोहिणी क्षेत्र के पार्क से 5 अप्रैल 2023 को एक क्रेटा गाड़ी चोरी हो गई थी। गाड़ी के मालिक ने इसकी शिकायत रोहिणी के पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई थी। इसके बाद गाड़ी का क्लेम लेने के लिए मालिक ने बीमा कंपनी पर दावा कर दिया।

बीमा कंपनी की ओर से पड़ताल कराई गई, तो यह बात सामने आई कि शिकायतकर्ता व उसके परिवार के सदस्य वाहन चोरी की 7 शिकायतें दर्ज करा चुके हैं। इनमें से कुछ गाड़ियों के क्लेम बीमा कंपनी से वसूले जा चुके थे।

सभी गाड़ियों रोहिणी क्षेत्र से ही चोरी हुई दर्शाई गई थीं, जिनकी एफआईआर रोहिणी के प्रशांत विहार और बेगमपुर पुलिस थानों में दर्ज हुई थीं। जांच में यह बात भी सामने आई कि शिकायतकर्ता के परिवार का सदस्य दिल्ली पुलिस में सेवारत है।

मामला उस समय संदेहास्पद हो गया, जब गाड़ी के मालिक ने गाड़ी का ब्ल्यू लिंक निष्क्रिय बताया। जब कंपनी की ओर से ब्ल्यू लिंक चेक कराया गया, तो गाड़ी की लोकेशन उत्तराखंड में पाई गई। बीमा कंपनी की ओर से पुलिस को शिकायत दर्ज कराई, तो क्राइम ब्रांच ने इसकी जांच शुरू कर दी। एक बीमा कंपनी की ओर से प्रदेश में भी ऐसे मामलों की जांच कराई जा रही हैं, जिनमें गाड़ियां चोरी हुई हैं या फिर आग लगने से जली हैं।



रेवाड़ी। जिला सचिवालय में स्थित एसपी ऑफिस। फोटो : हरिभूमि

#### चोरी वाले स्थान पर कैमरे नहीं

बीमा कंपनी की जांच में यह भी पाया गया है कि एक व्यक्ति और उसके परिवार के सदस्य की जो गाड़ियां चोरी हुई हैं, वह एक ही स्थान है। उस स्थान पर सीसीटीवी कैमरे भी नहीं लगे हुए थे। इस परिवार के सदस्य सस्ते दामों में कंडम गाड़ी खरीदने के बाद उनकी मरम्मत कराकर मोटी राशि का बीमा कराते रहे हैं। बाद में गाड़ी चोरी होना दिखाकर बीमा कंपनियों से क्लेम वसूल करते रहे हैं। बीमा कंपनियों के साथ हो रही धोखाधड़ी के ऐसे कई मामले सामने आ चुके हैं, जिनकी जांच क्राइम ब्रांच कर रही है।

#### ऐसे झोंकते रहे हैं आंखों में धूल

जांच के दौरान पाया गया कि शिकायतकर्ता और उसके परिवार के सदस्य कंडम गाड़ियों की सस्ते दामों पर खरीद करते रहे हैं। इसके बाद उन गाड़ियों की रिपेयर कराकर फर्जी नंबर प्लेट के आधार पर उनका बीमा कराते हैं। गाड़ियों का ऑनलाइन बीमा उनकी फोटो अपलोड करने के बाद होता है। इसके बाद मालिक ही गाड़ी की मार्केट वेल्यू तय करता है। गाड़ी की कंडीशन अच्छी नजर आने पर बीमा कंपनियां उसी वेल्यू के आधार पर प्रीमियम वसूल करते हुए गाड़ी का बीमा कर देती हैं।

### अतिरिक्त पुलिस बल लगाकर किए गए सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध

# होली पर शराब पीकर हुड़दंग करने व शांति भंग करने वालों पर पुलिस करेगी कार्रवाई

**होली पर किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

पुलिस अधीक्षक डा. मयंक गुप्ता ने जिले के लोगों को रंगों के त्योहार होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी आपसी सौहार्द के इस त्योहार पर एकता व भाईचारा बना कर रखें। रंगों के त्योहार होली पर हुडदंग न करें। उन्होंने कहा कि होली के पर्व को हमें अपने परिवार के साथ मिलकर मनाना चाहिए और आपसी मतभेद को त्याग कर सभी के साथ खुशियां बांटनी चाहिए। सभी नागरिक होली पर्व पर दूसरों की भावनाओं का सम्मान करें और संवेदनशील होकर त्योहार मनाए। एसपी ने कहा कि सभी नागरिक त्योहार की आड़ में उपद्रव जैसी घटनाओं से दूर रहते हुए कानून व नियमों की पालना करें।

**थाना प्रभारियों को व्यवस्थान बनाने के निर्देश :** एसपी डा. गुप्ता ने होली के त्योहार को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए जिले के सभी थाना व चौकी प्रभारियों को सुरक्षा के व्यापक प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि होली पर किसी तरह का हुड़दंग न हो इसके लिए बदमाशों पर कार्रवाई की जाए। ऐसे बदमाश जो अक्सर त्योहारों पर ही बदमाशी करते हुए कानून व्यवस्था और शांति का माहौल खराब करने का प्रयास करते हैं, उन्हें चिन्हित करते हुए कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि होली पर्व पर किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी थाना प्रभारी होली के त्योहार पर पूरी तरह कानून व्यवस्था बनाए। एसपी ने कहा कि बदनीयती से हुड़दंग करने, किसी तरह की अफवाह फैलाने अथवा शांति भंग करने की नियत से जानबूझकर कानून का उल्लंघन करने वाले शरारती व असामाजिक तत्वों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।



रेवाड़ी। शहर में लगे नाके पर जांच करती पुलिस। फोटो :हरिभूमि

#### स्पीड बाइकर्स पर रहेगी पुलिस की कड़ी नजर


एसपी डॉ. मयंक गुप्ता।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि शराब पीकर वाहन चलाने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। महिलाओं की सुरक्षा के लिए विशेष महिला पुलिस दस्ता भी कार्रवाई की सूरत में रहेगा। एसपी ने सभी पीसीआर, राइडर और डायल-112 को पुलिस कंट्रोल रूम के माध्यम से अव्यवस्था की सूचना प्राप्त होने पर मौके पर जाकर स्थिति से निपटने के निर्देश दिए है। एसपी ने कहा कि कुछ शरारती व आपराधिक तत्व या शराबियों की ओर से रंगों की आड़ में पुरानी रंजिश निकालने की कोशिश की जाती हैं। इस प्रकार के शरारती तत्वों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए। होली के दौरान स्पीड बाइकर्स पर भी पुलिस की कड़ी नजर रहेगी। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में भी होली व धुलेंडी पर लगने वाले मेलों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करके सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं तथा जिले के मुख्य मार्गो पर नाके भी लगाए गए है। एसपी ने कहा कि सभी कानून व्यवस्था की पालना करते हुए पुलिस का हर संभव सहयोग करें और किसी भी आपत्ति में पुलिस को तुरंत सूचित करें। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की अफवाह पर पर ध्यान न दें, कोई भी गड़बड़ी होने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें। एसपी ने कहा कि होली के पर्व पर शराब का सेवन करके वाहन न चलाएं, होली खेलने के लिए किसी के साथ जबरदस्ती न करें, राहगीरों पर गुलाल या पानी फेंककर तंग न करें तथा किसी भी प्रकार की हुड़दंगबाजी न करें, अन्यथा सख्त कार्रवाई हो सकती है।


रेवाड़ी। होली कार्यक्रम में शिक्षकों के साथ छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

# विद्यार्थियों ने एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर मनाई होली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल

नंगली परसापुर रोड़ स्थित सरवन इंटरनेशनल स्कूल में बुधवार को होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। छात्र-छात्राओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।

विद्यालय के प्रधानाचार्य ए कुमार ने होली के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह रंगों का त्योहार है, जो आपसी स्नेह और भाईचारे को बढ़ावा देने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने छात्रों को प्राकृतिक रंगों का उपयोग करने और केमिकल युक्त रंगों से बचने की सलाह दी। विद्यालय संचालिका आशा यादव ने विद्यार्थियों को त्योहारों के सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि होली एकता और भाईचारे का प्रतीक है और ऐसे आयोजनों से बच्चों में सामूहिकता और सहयोग की भावना को बढ़ावा मिलता है। कार्यक्रम में नर्सरी से सीनियर कक्षाओं के सभी बच्चों ने भाग लिया।

### बाबा झेरिया का एक दिवसीय मेला कल

**धारूहेड़ा।** धारुहेड़ा क्षेत्र में बाबा झेरिया का एक दिवसीय मेला 14 मार्च को आयोजित किया जाएगा। मेले में धारूहेड़ा, खरखड़ा, राजपुरा, खतावाली, अलावलपुर, ततारपुर, भटसाना, तितरपुर, मसानी, मालपुरा, गढी व महेश्वरी गांवों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचते है। श्रद्धालु इस दिन अपने घरों से पकवान बनाकर बाबा के मंदिर में चढाकर अपने परिवार की सुख समृद्धि की मन्नत मांगते हैं। इस अवसर पर कुश्ती दंगल का आयोजन भी किया जाएगा।

# प्रेम व भाईचारे के साथ होली का त्यौहार मनाने का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जन शक्ति जागृति मंच ट्रस्ट की ओर से बुधवार को कालीमाता रोड स्थित कार्यालय में होली का पर्व धूमधाम से मनाया गया। संस्था की ओर से कार्यक्रम में भाईचारे, प्रेम व आपसी सौहार्द के साथ रंगों को पर्व मनाने का संदेश दिश गया। कार्यक्रम में एक दूसरे के साथ फूलों व चंदन का तिलक लगाकर होली खेली गई। जन शक्ति जागृति मंच की राष्टीय अध्यक्ष मेनका सोनी ने कहा कि सभी को गिले-शिकवे भुलाकर होली का पर्व मनाना चाहिए। उन्होंने जिले के नागरिकों से होली पर पक्कें रंगों का कम इस्तेमाल करके गुलाल, चंदन व फूलों से होली खेलने की अपील की। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में गर्मी को मौसम शुरू हो रहा है, इसलिए सभी होली के पर्व पर पानी को व्यर्थ न बहाएं। इस मौके पर कमलेश सोनी, देवेंद्र कुमार, ललिता यादव, कृष्ण यादव, बीना छाबड़ा, राजवीर, पूनम, प्रकाश, भावना यादव, रितु शर्मा, ममता यादव, महेश गोयल, दीपक कुमार व आनंद शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।



रेवाड़ी। होली कार्यक्रम में मौजूद संस्था के सदस्य व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### पैसे के लेन-देन को लेकर दुकानदार से मारपीट

**रेवाड़ी।** बावल रोड पर पैसे के लेन-देन को लेकर एक दुकानदार के साथ मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने दूसरे दुकानदार व साथियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मॉडल टाउन थाना पुलिस को दर्ज बयान में पत्थर घटी निवासी सौरभ गुप्ता ने बताया कि उनका गंज बाजार में घी, रिफाइंड व चीनी आदि का कारोबार है। बावल रो पर दुकान चलाने वाले चांदपुर की ढाणी निवासी सुनील ने बावल रोड पर दुकान की हुई है। सुनील ने उनकी फर्म से सामान खरीदा था। 71400 रुपये का चेक दिया था, जिसका भुगतान नहीं हो सका।

# नेशनल गेम्स में सिल्वर विजेता एएसआई रचना को किया एसपी ने सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

बुधवार को एसपी डा. मयंक गुप्ता ने बेंगलुरू में आयोजित 45वें ऑल इंडिया मास्टर्स नेशनल गेम्स की हैमर थ्रो स्पर्धा में सिल्वर मेडल जीतने पर एएसआई रचना को शुभकामनाएं देते हुए सम्मानित किया। एसपी ने एएसआई को इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते रहने के लिए प्रेरित किया। एएसआई रचना इससे पहले भी ऑल इंडिया पुलिस गेम्स में बॉक्सिंग में 3 बार गोल्ड मेडल तथा 4 बार सिल्वर मेडल जीत चुकी हैं तथा हरियाणा पुलिस गेम्म की हैमर थ्रो स्पर्धा में 6 बार गोल्ड मेडल मेडल जीत चुकी हैं। एएसआई रचना आगामी दिनों में इंडोनेशिया में होने वाली एशियन मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप प्रतियोगिता के लिए भी क्वालीफाई कर चुकी हैं। कसोला थाने में जांच अधिकारी के रूप में तैनात एएसआई रचना पुलिस खेलों में अपना जौहर दिखाती रही हैं। इस मौके पर एसपी डा. मयंक गुप्ता कहा कि एएसआई रचना ने नेशनल गेम्स में सिल्वर मेडल जीतकर रेवाड़ी पुलिस को गौरवान्वित करने का काम किया है। एएसआई रचना की तरह पुलिस विभाग के दूसरे जवानों को भी खेलों में भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग में भी खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। उन्होंने एएसआई रचना के उज्जवल भविष्य की कामना की।


रेवाड़ी। एएसआई रचना को सम्मानित करते एसपी डा. मयंक गुप्ता।

# एक-दूसरे को गुलाल लगाकर मनाया होली का जश्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

पटौदी रोड स्थित यदुवंशी शिक्षा निकेतन में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संगीत, नृत्य और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

यदुवंशी शिक्षा निकेतन के प्रधानाचार्य ने सभी को होली की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह त्योहार हमें एकता, सौहार्द और प्रेम की भावना को बढ़ावा देने का अवसर प्रदान करता है। छात्रों और शिक्षकों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली का जश्न मनाया। विधालय डीन मुकेश यादव व चेयरमैन राव बहादुर सिंह सभी छात्रों से होली पर जल बचाने की अपील की।


रेवाड़ी। कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक व छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

# रीजनल सेंटर में उत्साह और उमंग के साथ मनाया होली उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नाहड़

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के कृष्ण नगर स्थित महिला रीजनल सेंटर में बुधवार को होली का पर्व उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। छात्राओं व स्टाफ ने मिलकर विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से रंगों के त्योहार को रोचक तरीके से मनाया। कार्यक्रम की शुरूआत में एसोसिएट प्रोफेसर डा. यशपाल शर्मा ने होली के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है और समाज में प्रेम और एकता का संदेश फैलाता है। रीजनल सेंटर के निदेशक प्रो. बलबीर सिंह ने छात्राओं को होली पर्व के सकारात्मक संदेश को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। उत्सव के दौरान म्यूजिकल चेयर और बैलून फोड़ने जैसे मनोरंजक खेलों का आयोजन भी किया गया। छात्राओं ने एक-दूसरे को रंग लगाकर और होली के प्रसिद्ध गीतों पर नृत्य कर पर्व का आनंद लिया। कार्यक्रम में सभी टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ सहित अनेक छात्राएं मौजूद थी।


रेवाड़ी। रीजनल सेंटर में होली पर्व मनाते हुए शिक्षक व छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

# होली पर जल को व्यर्थ न बहाने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

हरियाणा अनुसूचित जाति पिछड़ा वर्ग अल्पसंख्यक परिषद की ओर से बुधवार को बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्रदेशाध्यक्ष खुशीराम शर्मा ने की। उन्होंने कहा कि होली का पावन त्योहार जीवन में उमंग, उल्लास व आपसी भाईचारे का संदेश देता है। आगामी गर्मी के मौसम को देखते हुए पानी की एक-एक बूंद कीमती है, इसलिए सभी होली पर इसे व्यर्थ न बहाए। उन्होंने कहा कि चंदन का तिलक लगाकर व फूलों से होली खेलकर पर्व मनाएं और जल का संरक्षण करें। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार जांगिड़, सिटी प्रधान रणजीत सिंह बाघोरिया, लीलाराम सोनी, किशन लाल खींची, ललित अग्रवाल, बिजेन्द्र सैनी व भगवानदास चौहान मौजूद थे।


रेवाड़ी। कार्यक्रम में मौजूद परिषद के सदस्य। फोटो : हरिभूमि